एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी ने वृक्षारोपण कर मनाया डॉक्टरर्स डे

एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी चुनार ने कॉलेज कैंपस की हरित पट्टी में लगभग 1000 वृक्षारोपण कर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया. एपेक्स के चेयरमैन डॉ एसके सिंह की अगुवाई में प्रधानाचार्य डॉ सुनील मिस्त्री, प्रो. डॉ अरुण सिंह, फैकल्टी एवं एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल डॉ बीके श्रीवास्तव, डॉ रजनीश, डॉ रूबी, डॉ अर्पिता आदि चिकित्सकों ने प्रदूषित हो रहे वातावरण से होने वाले रोगों से बचाव के उद्देश्य से पूरे कैंपस के लगभग एक तिहाही भाग को हरित पट्टी में परिवर्तित करने के लक्ष्य को निर्धारित करते हुए औषधीय हर्बल गार्डन विकसित करने के साथ कैंपस में छायादार एवं फलदार वृक्षों के रोपण का संकल्प लिया. एपेक्स के चेयरमैन डॉ एसके सिंह ने समस्त चिकिसकों को डॉक्टर्स डे की बधाई देते हुए अवगत कराया कि गत कई वर्षों से एपेक्स में पर्यावरण संरक्षण एवं रोग निदान में प्रयोग होने वाली औषधियों का रोपण होता रहा है एवं भविष्य में अधिक से अधिक वृक्षा रोपण के लिए उनकी चिकित्सीय शिक्षण संस्थाएं एवं हॉस्पिटल दृढ़ संकल्पित हैं.

चेयरमैन डॉ एस.के. सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ सुनील मिस्त्री द्वारा कॉलेज कैंपस में वृक्षारोपण

कॉलेज फैकल्टी एवं चिकित्सकों द्वारा वृक्षारोपण

मीडिया कवरेज

ूल की छुट्टी के बाद बाहर निकलते बच्चे।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर पौधरोपण

चुनार। समसपुर स्थित एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में सोमवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एपेक्स के चेयरमैन डा. एसके सिंह की अगुवाई में प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. मकसूदन सिंह, प्रो. अरुण सिंह, डॉ. सुनील मिस्त्री, डॉ. बीके श्रीवास्तव, डॉ. रजनीश, डॉ. रूबी, डॉ. अर्पिता आदि चिकित्सकों ने कैंपस के लगभग एक तिहाई भाग को हरित पट्टी में परिवर्तित करने का लक्ष्य निर्धारित किया। साथ ही औषधीय हर्बल गार्डन विकसित करने के साथ कैंपस में वृक्षों के रोपण का संकल्प लिया। एपेक्स के चेयरमैन डॉ. एसके सिंह ने डॉक्टर्स डे की बधाई देते हुए कहा कि गत कई वर्षों से एपेक्स में पर्यावरण संरक्षण एवं निदान में प्रयोग होने वाली औषधियों का रोपण होता रहा है। ब्यूरो

Mirzapur 02 Jul 2019

पौधरोपण कर मनाया डाक्टर्स डे

जासं, चुनार (मीरजापुर) : एपेक्स इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज एंड हास्पिटल चुनार के आयुर्वेद आधुनिक चिकित्सा एवं फार्मेसी के चिकित्सकों ने कैंपस की हरित पट्टी में पौधरोपण कर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया। एपेक्स के चेयरमैन डा. एसके सिंह की अगुवाई में प्रधानाचार्यों प्रो. डा. मकसूदन सिंह, प्रो. अरुण सिंह एवं डा. सुनील मिस्त्री ने कैंपस के करीब एक तिहाई भाग को हरित पट्टी में परिवर्तित करने के लक्ष्य से पौध रोपण किया। चेयरमैन ने कहा कि लगातार बढ़ रहे प्रदूषण के चलते होने वाले रोगों से बचाव के उद्देश्य पौधरोपण आवश्यक है। उन्होंने डाक्टर्स डे की बधाई देते हुए औषधीय हर्बल गार्डन विकसित करने के साथ कैंपस में छायादार एवं फलदार वृक्षों के पौधों के रोपण की बात कही। इस अवसर पर डा. बीके श्रीवास्तव, डा. रजनीश, डा. रूबी, डा. अर्पिता आदि चिकित्सक मौथे।

अमर उजाला मिर्ज़ापुर (2 जुलाई 2019)

दैनिक जागरण (2 जुलाई 2019)